# न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, खूँटी

## अनुमति वाद संख्या :–405 / 2020–21

(छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा – 46)

मंगरा मुंडू – विक्रेता

राजू भेंगरा – क्रेता

| आदेश की क्रम संख्या और तारीख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी, तारीख सहित |
|---|---|---|
| 14.07.21 | **आदेश**<br>आवेदक मंगरा मुंडू पिता स्व0 शिवा मुंडू ग्राम–कमन्ता, पो0–खूँटी, थाना खूँटी, जिला खूँटी ने राजू भेंगरा पिता डुका भेंगरा ग्राम–फुदी, पो0–टी0टी0सी0 फुदी, थाना–खूँटी, जिला खूँटी के साथ निम्नलिखित भूमि के विक्रय हेतु छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियन की धारा 46 के अन्तर्गत अनुमति हेतू आवेदन पत्र दिया है। | |

| ग्राम | थाना नं0 | खाता नं0 | खेसरा सं0 | रकबा(एकड़ में) |
|---|---|---|---|---|
| कमन्ता | 79 | 14 | 646 | 0.10 |

उभय पक्ष अपने विद्वान अधिवक्ता के साथ उपस्थित हुए आवासीय / जाति प्रमाणपत्र / खतियान एवं लगान की रसीद 0942440469 की छायाप्रति प्रस्तुत की गई। नोटिस का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त है। अंचल अधिकारी, खूँटी के पत्रांक 548 दिनांक 09.07.2021 से जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। जाँच प्रतिवेदन के अनुसार प्रश्नगत भूमि खतियानी है। खतियानी रैयत का नाम धुसा मुण्डा वगैरह हैं। पंजी II के अनुसार शिवा मुण्डा के नाम भूमि का 9.57 एकड़ है। आवेदक के पास कुल रकबा 9.57 एकड़ भूमि है। मालगुजारी का भुगतान वित्तीय वर्ष 2020–21 तक किया गया है। भूमि का न्युनतम प्रस्तावित 29801.00(उन्तीस हजार आठ सौ एक)रू0 प्रति डीसमिल है। भूमि विक्रय के बाद आवेदक के पास कुल भूमि अवशेष 3.07 एकड़ रह जाती है।

आवेदक के विद्वान अधिवक्ता का कथन है कि क्रेता एवं विक्रेता एक ही थाना खूँटी के निवासी है एंव एक ही जाति (अनुसूचित जनजाति समुदाय) के सदस्य हैं। आवेदक अपने हिस्से की भूमि जो इनके दखल कब्जे की है। जिसे मकान बनाने हेतु बिक्री करना चाहते हैं। प्रश्नगत भूमि गैर मजरूआ आम, खास, मन्दिर, मस्जिद, भूईहरी, पहनाई, कैसरेहिन्द, भूहदबन्दी एवं खुटकटी के दायरे में नहीं है। अंचल अधिकारी, खूँटी ने क्रेता–विक्रेता को भूमि क्रय–विक्रय करने हेतु अनुशंसा किये हैं।

आवेदक के विद्वान अधिवक्ता के बहस को सुनने प्रस्तुत कागजात एवं अंचल अधिकारी, खूँटी से प्राप्त प्रतिवेदन के अवलोकन एवं किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने के कारण मंगरा मुंडू पिता स्व0 शिवा मुंडू को राजू भेंगरा पिता डुका भेंगरा के साथ ग्राम कमन्ता के खाता सं0 14 खेसरा संख्या 646 कुल रकबा 0.10 एकड़ भूमि न्यूनतम प्रस्तावित दर 29801.00(उन्तीस हजार आठ सौ एक)रू0 प्रति डिसमिल या जिला अवर निबंधक, खूँटी के द्वारा निर्धारित दर पर अंचल अधिकारी, खूँटी के अनुशंसा के आधार पर भूमि विक्रय की अनुमति दी जाती है। इस आदेश से अन्य अंशदार या हिस्सेदार का हक प्रभावित नही होगा। अभिलेख [illegible] में।

Digitally signed by JITENDRA MUNDA
Date: 2021.07.17 13:41:44 +05:30
Location: 10.93.43.4

लेखापित एवं संशोधित

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
खूँटी।

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
खूँटी।